INTERNATIONAL HEADQUARTERS

# नए साल 2025 के लिए जनरल का सन्देश

मेरे अज़ीज़ मुक्ति फौजिया साथियों,

आपको नया साल मुबारक हो! हमारे प्रभु यीशु मसीह के माध्यम से हमारे पिता परमेश्वर की ओर से आप सभी को अनुग्रह और शांति मिले।

जब हम 2025 की शुरुआत कर रहे हैं, तो मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूँ कि प्रभु कम्पास, वैश्विक रणनीतिक ढांचे का उपयोग दुनिया भर में कैसे करेगा। जिसका इरादा **लोगों, मिशन और विरासत** पर ध्यान केंद्रित करना है, मेरा मानना है कि प्रभु हमें अपने नाम की खातिर महान काम करने के लायक बनाएगा क्योंकि हमने अपने आप को उसके चेले बनने के लिए सौंप दिया है और मिशन के उन कार्यों को पूरा करेंगे जो हमें सौंपे गए हैं। हम सभी को इसमें अपनी भूमिका निभानी है।

इस वर्ष हमारे संस्थापकों, कैथरीन और विलियम बूथ द्वारा मुक्ति फ़ौज के काम को शुरु किए हुए 160 वर्ष भी पूरे होने जा रहे हैं। उन्होंने हमारे लिए कितनी बड़ी विरासत छोड़ी है। सुसमाचार की घोषणा, पवित्र जीवन की खोज और अपने पड़ोसी से प्यार करने और उसकी देखभाल करने की इच्छा। जबकि हम 2025 में 160 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाएंगे, तो आइए हम यह ठान लें कि हम भी ऐसी विरासत छोड़ेंगे जो परमेश्वर का सम्मान करे, राज्य का निर्माण करे और यह सुनिश्चित करे कि हम उसके नाम और उद्देश्य के अनुसार संस्था को आगे बढ़ाएँ।

बेशक, मुझे नहीं पता कि आपके लिए नया साल क्या मायने रखता है। आप में से कुछ लोग उत्साह और उम्मीद से भर कर नए साल की शुरुआत कर रहे होंगे। वहीं कुछ लोग अपनी मौजूदा हक़ीक़त के कारण घबराहट या चिंता की भावना के साथ 2025 में प्रवेश कर रहे होंगे।

आपके निजी हालात चाहे जो भी हों, प्रभु और उसके साथ अपने रिश्ते को प्राथमिकता देना 2025 में आपका सबसे अच्छा निर्णय होगा।

मेरे प्रिय साथियों, हम उस पर भरोसा कर सकते हैं। वह निराश नहीं करेगा। जब मैं एक छोटा लड़का था, और मुक्ति फ़ौज में बड़ा हो रहा था, तब हम यह कोरस गाते थे:

*मेरे पास एक पायलट है जो रात-दिन मेरा मार्गदर्शन करता है; बादल और धूप के बीच मैं उस पर भरोसा करता हूँ,चाहे कुछ भी हो। खतरे डराने वाले हो सकते हैं, लेकिन मैं कभी नहीं डरता; जब वह क़रीब होता है तो मैं आत्मविश्वास से भरा रहता हूँ: मेरे पास एक पायलट है जो जीवन के मार्ग पर मेरा मार्गदर्शन करता है।*

यह मसीही अनुभव का आनंद है। यह वायदा कि प्रभु स्वयं हमारे साथ हैं, चाहे हमारी परिस्थितियाँ कैसी भी हों, हमारे अवसर चाहे जो भी हों, और वह हमारे प्रति वफादार रहने का वायदा करता है।

आपके लिए मेरी प्रार्थना है कि यीशु के साथ आपके रिश्ते का विकास आपकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे। हमें यीशु के शिष्यों की आवश्यकता है। संसार को यीशु के शिष्यों की आवश्यकता है।

INTERNATIONAL HEADQUARTERS

जैसा कि हम इस नए वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं, मैं पवित्रशास्त्र से, रोमियों को लिखे पौलुस के ख़त से यह वायदा आप तक पहुंचाना चाहता हूँ:

'परमेश्वर जो आशा का दाता है तुम्हें विश्वास करने में सब प्रकार के आनन्द और शान्ति से परिपूर्ण करे, कि पवित्र आत्मा की सामर्थ्य से तुम्हारी आशा बढ़ती जाए।' (रोमियों 15:13)।

परमेश्वर आप सबको आशीष दे।

**Lyndon Buckingham**
**General**